# वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में मना अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस

## संरक्षण संदेश से गूँजा भोपाल



**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल, WWF (India) BNHS ने साथ में अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस के अवसर पर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पारिस्थितिकी तंत्र में गिद्धों की महत्त्वपूर्ण भूमिका और उनके संरक्षण की तात्कालिक आवश्यकता के बारे में आमजन को जागरूक करना था।

अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस माह सितम्बर के प्रथम शनिवार को मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध दिवस के अवसर पर डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ., भोपाल, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी एवं वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में वन विहार स्थित विहार वीथिका में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री क्षितिज कुमार, वन संरक्षक, भोपाल वृत्त, भोपाल थे साथ ही डॉ. स्वाति मोघे, राज्य संचालक, डब्ल्यू. डब्ल्यू.एफ., भोपाल, डॉ. रूही हक, सहायक संचालक, वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल, डॉ. संजय परिहार, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी के प्रतिनिधि, श्री अजय मिश्रा, डब्ल्यू. डब्ल्यू.एफ., भोपाल रोहन सिंगारपूरे, डब्ल्यू. डब्ल्यू.एफ., भोपाल एवं अन्य संस्थाओं के अन्य अधिकारी/कर्मचारी/ स्वयंसेवी उपस्थित रहे। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल स्थित विहार वीथिका में दिनांक 6 सितम्बर को डब्ल्यू. डब्ल्यू.एफ., भोपाल द्वारा वल्चर थीम पर स्कूल के छात्र-छात्राओं लिए स्टोन पेंटिंग कॉम्पिटिशन, वुडन टाइल पेंटिंग एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

छात्र-छात्राओं ने वल्चर की पेन्टिंग बनाकर एवं वल्चर्स की वेशभूषा में पर्यावरण के लिये गिद्धों की आवश्यकता तथा गिद्धों के संरक्षण के लिए जागरूकता का संदेश दिया। इसी कड़ी में BNHS संस्था द्वारा भोपाल शहर के विभिन्न स्कूलों में वल्चर संरक्षण थीम पर पेन्टिंग प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिसमें लगभग 500 स्कूली छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को भी आज ही पुरस्कार वितरण किया गया। दिनांक 5 एवं 6 सितम्बर को क्व्हाास संस्था द्वारा वल्चर थीम पर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में भ्रमण करने आए पर्यटकों के साथ वल्वर थीम पर एक 'ऑन द स्पॉट क्विज' का भी आयोजन किया गया जिसमें पर्यटकों से गिद्धों के सम्बन्ध प्रश्न पूछे गए जिन पर्यटकों ने सही उत्तर दिया उन्हें पुरुस्कृत भी किया गया साथ ही गिद्धों के संरक्षण एवं बचाव के बारे जानकारी देकर जागरूक किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये गये।

# सागर में घटना की जांच कराकर दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: डॉ. यादव

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सागर जिले के बंडा-शाहगढ़ क्षेत्र में शराब के सेवन से मृत्यु होने का समाचार अत्यंत दुःखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को विदेश दौरे पर रवाना होने से पहले नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर जिले के प्रभारी मंत्री एवं अधिकारियों को घटना की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जांच के बाद इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# सीएम यादव बोले-सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रदेश निभाएगा अग्रणी भूमिका

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई गति देने के लिए मध्यप्रदेश अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार है। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि राज्य में अत्याधुनिक तकनीक, निवेश और नवाचार के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है, जिससे मध्यप्रदेश देश के उभरते सेमीकंडक्टर इको सिस्टम का महत्वपूर्ण केंद्र बन सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सेमीकंडक्टर तकनीक भारत के आत्मनिर्भर और विकसित भविष्य की आधारशिला है। देश में तकनीकी क्षेत्र में हो रहे बदलाव और विकास में मध्यप्रदेश भी सहभागी बन रहा है। सेमीकंडक्टर इंडिया प्रोग्राम 2.0 में मध्यप्रदेश अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है। केंद्र सरकार द्वारा 6 राज्यों में 12 सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दिए जाने के बाद इस क्षेत्र में देश की गति तेज हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी नीतिगत पहल, निवेश-अनुकूल वातावरण और औद्योगिक क्षमता के जरिए इस राष्ट्रीय अभियान को नई ऊंचाई देगा। इंदौर में अगले महीने 23-24 अक्टूबर को 'एमपी सेमीकंडक्टर समिट-2026' का आयोजन किया जा रहा है। समिट में देश-विदेश के निवेशक, तकनीकी विशेषज्ञ और नीति-निर्माता एक मंच पर जुटेंगे। यहां प्रदेश में मजबूत सेमीकंडक्टर इको सिस्टम विकसित करने, निवेश की संभावनाओं, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार पर व्यापक विचार-मंथन होगा।

### हुजूर विधानसभा में 11 दिवसीय रक्षाबंधन उत्सव का समापन, 1 लाख 51 हजार बहनों ने विधायक रामेश्वर शर्मा को राखी बांधी

# बहनों की सेवा, सुविधा और सुरक्षा मेरी प्राथमिकता:शर्मा

**» बिलखिरिया मंडल के रक्षाबंधन उत्सव में पहुंचीं हजारों बहनें, विधायक रामेश्वर शर्मा बोले - यह बहनों का स्नेह-मेला है.**

## बिलखिरिया मंडल में रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन, हजारों बहनों ने विधायक रामेश्वर शर्मा को राखी बांधकर आशीर्वाद दिया




**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**

भोपाल। हुजूर विधानसभा में 11 दिवसीय रक्षाबंधन उत्सव का रविवार को बिलखिरिया मंडल में आयोजित कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। पिपलिया जाहिरपीर स्थित हिमांशु वेयर हाउस में आयोजित रक्षाबंधन उत्सव में बड़ी संख्या में बहनों ने सहभागिता की। जहाँ उन्होंने विधायक रामेश्वर शर्मा को राखी बांधकर आशीर्वाद दिया। बिलखिरिया मंडल समेत विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रमों में कुल 1 लाख 51 हजार बहनों ने विधायक शर्मा को राखी बांधी।

बिलखिरिया मंडल में आयोजित कार्यक्रम में बहनों का उत्साह देखते ही बना। हजारों की संख्या में पहुंचीं बहनों ने विधायक रामेश्वर शर्मा को राखी बांधी। इस दौरान विधायक ने बहनों से संवाद करते हुए उनके स्नेह एवं आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में बहनों की उपस्थिति में दिनभर उत्सव का माहौल रहा। हुजूर विधानसभा में इस वर्ष रक्षाबंधन उत्सव की शुरुआत मुखर्जी नगर कोलार से हुई थी। इसके बाद संत हिरदाराम नगर एवं श्री हरिहर नगर फंदा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल, गांधीनगर मंडल, नीलबड़ मंडल और अंत में बिलखिरिया मंडल में आयोजन किए गए। विधानसभा के छह स्थानों पर हुए इन आयोजनों में कुल 1 लाख 51 हजार बहनों ने विधायक रामेश्वर शर्मा को राखी बांधी। विधायक रामेश्वर शर्मा ने बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि - बिलखिरिया में बहनों के स्नेह का यह दृश्य देखकर आह्लादित हूँ। इतनी बड़ी संख्या में बहनों का प्रेम और आशीर्वाद मिलना बहुत बड़ा सौभाग्य है। बहनों की इतनी अधिक संख्या में सहभागिता के कारण ये रक्षाबंधन उत्सव बहनों का स्नेह मेला बन गया है। उन्होंने कहा कि जिसके पास इतनी बहनों का आशीर्वाद हो, उसके जीवन में भला क्या कमी हो सकती है। शर्मा ने आगे कहा कि - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नारी शक्ति को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप आज देश की मातृशक्ति आत्मविश्वास के साथ राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मध्यप्रदेश में भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए बहनों के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी दिशा में अपनी सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ हर बहन तक पहुंचे, इसके लिए लगातार प्रयासरत रहता हूँ। आगे भी अपनी इन बहनों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करता रहूँगा। हर बहन की सेवा, सुविधा और सुरक्षा मेरी प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि - बहनों का शुभाशीष जनसेवा की नवीन ऊर्जा का माध्यम बना है। इस अपार अपनत्व के लिए सभी बहनों का मनपूर्वक आभार।

### हर कार्यक्रम में दिखा बहनों का उत्साह

हुजूर विधानसभा में आयोजित 11 दिवसीय रक्षाबंधन उत्सव के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की बहनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। मुखर्जी नगर कोलार से शुरू हुआ यह सिलसिला संत हिरदाराम नगर एवं श्री हरिहर नगर फंदा, दीनदयाल उपाध्याय मंडल, गांधीनगर मंडल, नीलबड़ मंडल होते हुए बिलखिरिया मंडल में संपन्न हुआ। बिलखिरिया के आयोजन में भी बहनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और उन्होंने विधायक शर्मा को राखी बांधकर आशीर्वाद दिया।

# स्ट्रॉन्ग वुमेन्स पावर क्लब ने मनाया शिक्षक दिवस

## महिलाओं ने साझा की स्कूल जीवन की उपलब्धियां




**पीपुल्स प्रवक्ता, रायपुर।**

स्ट्रॉन्ग वुमेन्स पावर क्लब द्वारा 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब से जुड़ी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिक्षक दिवस को उत्साह एवं मनोरंजन के साथ मनाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए विभिन्न गेम्स और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही सभी सदस्यों ने अपने स्कूल जीवन की उन विशेष उपलब्धियों और यादों को साझा किया, जो उनके लिए आज भी प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों का सम्मान भी किया गया।

महिलाओं ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके योगदान और मार्गदर्शन को याद किया। कार्यक्रम में स्ट्रॉन्ग वुमेन्स पावर क्लब से जुड़कर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने, रोजगार के अवसर प्राप्त करने तथा अन्य महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। क्लब का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपने हुनर व व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में स्ट्रॉन्ग वुमेन्स पावर क्लब की संस्थापिका नीता थापा, कोषाध्यक्ष रुबी सिंह, रूपा चौधरी, वर्षा सोनी, रुचि वर्मा, नेहा, स्मिता, अंजू सहित क्लब की अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी सदस्यों ने गेम्स, भोजन और आपसी मेल-मिलाप का आनंद लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शिक्षक दिवस मनाना ही नहीं, बल्कि महिलाओं को एक-दूसरे से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए नए अवसरों की जानकारी देना भी रहा।

# 46वें उप पुलिस अधीक्षक बैच के बुनियादी प्रशिक्षण का शुभारंभ

### 17 प्रशिक्षु अधिकारियों को आधुनिक, संवेदनशील एवं प्रभावी पुलिसिंग का प्रशिक्षण



**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल**

मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भोपाल में 46वें उप पुलिस अधीक्षक बैच के बुनियादी प्रशिक्षण का उद्घाटन सत्र श्री रवि कुमार गुप्ता, निदेशक/विशेष पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भोपाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण बैच में 06 पुरुष एवं 11 महिला प्रशिक्षु अधिकारी शामिल हैं। उद्घाटन सत्र में निदेशक/विशेष पुलिस महानिदेशक रवि कुमार गुप्ता ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक प्रभावी पुलिस अधिकारी के लिए अच्छा श्रोता होना, फील्ड वर्क की समझ, वर्क मैनेजमेंट, प्रशासनिक निर्णय क्षमता, कानून-व्यवस्था प्रबंधन एवं वैज्ञानिक तरीके से अपराध अनुसंधान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जरूरतमंदों की सहायता को पुलिस सेवा का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, बदलती परिस्थितियों के अनुरूप नवाचार एवं आधुनिक तकनीक को अपनाकर प्रभावी एवं परिणामदायी पुलिसिंग करने पर विशेष जोर दिया।

46वें उप पुलिस अधीक्षक बैच के प्रशिक्षण में परंपरागत पुलिसिंग के आधारभूत ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक, तकनीक आधारित एवं जन-केंद्रित पुलिसिंग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नवीन एवं प्रासंगिक विषयों को शामिल किया गया है।

प्रशिक्षण के प्रमुख विषयों में आधुनिक भारत एवं पुलिस व्यवस्था, भारतीय संविधान एवं मानव अधिकार, नीतिशास्त्र एवं नैतिकता, अपराधशास्त्र, व्यक्तित्व विकास एवं मानव व्यवहार, प्रबंधन एवं पुलिस कार्य, कानून-व्यवस्था, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, अपराध अनुसंधान एवं प्रभावी पुलिसिंग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी भारत को बना रहे हैं आर्थिक शक्ति

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल**

**सीएम डॉ. यादव ने की मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि व्यापार वाणिज्य और उद्योग के क्षेत्र में भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश कदम से कदम मिलाकर इस क्षेत्र में कार्य करेगा। वैश्विक स्तर पर निवेश की संभावनाओं को साकार करने के लिए मैं मध्यप्रदेश से यूएई के दौरे पर आया हूं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आर्थिक शक्ति बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उनकी यूएई यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को यूएई पहुंचने पर मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि भारत जिस तरह दुनिया के देशों के साथ अपने संबंधों को प्रगाढ़ कर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। हमारा देश एक पारदर्शी, सरलीकृत व्यवस्था के साथ शुचिता के बल पर व्यापार और वाणिज्य क्षेत्र में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। राज्यों के बीच भी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है। यह स्वर्णिम काल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विभिन्न देशों के साथ व्यापार, वाणिज्य की गतिविधियों में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश के प्रयासों में मध्यप्रदेश भी कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। आज मध्यप्रदेश का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। पिछले एक वर्ष में ही 76 हजार करोड़ रुपए का निर्यात मध्यप्रदेश से हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि लॉजिस्टिक्स, माइनिंग, एग्रीकल्चर, रियल एस्टेट सहित हर क्षेत्र में निवेश आए, व्यापार बढ़े और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हों। निश्चित ही यूएई और मध्यप्रदेश के बीच व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाई मिलेगी और निवेशक मध्यप्रदेश की विकास यात्रा में भागीदार बनेंगे।

# 'छरबिंदा' में बच्चों की दुनिया का सहज संसार

## जिज्ञासा और कल्पना को मिली कहानी की नई उड़ान, 'छरबिंदा' बच्चों की जिज्ञासा पुस्तक का हुआ प्रकाशन

**पोहपसिंह माण्डले, पीपुल्स प्रवक्ता ,भोपाल**

वनीत नीरव का बाल कहानी-संग्रह 'छरबिंदा' बच्चों की जिज्ञासा, कल्पना और संवेदना को सहज तरीके से सामने लाता है। अनबाउंड स्क्रिप्ट, नई दिल्ली से प्रकाशित इस पुस्तक में आठ कहानियां शामिल हैं। इनमें 'बारिश, चाशनी और रॉन', 'बिजुरी', 'हवाओं के गाँव', 'रात और मैं, फिर बहादुर', 'पुटू', 'छरबिंदा', 'राबिन की चमकदार पोशाक' और 'बताशे का पेड़' शामिल हैं।

**बच्चों की जिज्ञासा को कहानी का आधार**-नवनीत नीरव का बाल कहानी-संग्रह 'छरबिंदा बाल कहानी संग्रह' बच्चों की जिज्ञासा, कल्पना और संवेदना को सहज तरीके से सामने लाता है। पुस्तक का प्रकाशन अनबाउंड स्क्रिप्ट, नई दिल्ली ने किया है। संग्रह में आठ कहानियां शामिल हैं, जो बच्चों को उनके आसपास की दुनिया को नए नजरिए से देखने का अवसर देती हैं। लेखक ने बच्चों को किसी आदर्श रूप में दिखाने के बजाय उनके डर, सवाल, इच्छाओं और अनुभवों को कहानी का हिस्सा बनाया है।

लोक-स्मृति से प्रकृति तक कई रंग-'छरबिंदा' की आठ कहानियों में 'बारिश, चाशनी और रॉन', 'बिजुरी', 'हवाओं के गाँव', 'रात और मैं, फिर बहादुर', 'पुटू', 'छरबिंदा', 'राबिन की चमकदार पोशाक' और 'बताशे का पेड़' शामिल हैं। इनकी विषय-वस्तु अलग है, लेकिन सभी कहानियों में आसपास की दुनिया को ध्यान से देखने



का भाव मिलता है। 'हवाओं के गाँव' में लोक-स्मृति और बाल-कल्पना का मेल है। वहीं 'रात और मैं, फिर बहादुर' सामाजिक पूर्वाग्रह और संदेह की सोच को सामने लाती है। 'पुटू' और 'छरबिंदा' इंसान और दूसरे जीवों के बीच अपनत्व को रेखांकित करती हैं। चारकोल चित्रों ने बढ़ाई पुस्तक की खूबसूरती- पुस्तक का एक खास आकर्षण युवा चित्रकार निखिल खत्री के बनाए चारकोल चित्र हैं।

श्वेत-श्याम रेखाओं से बने ये चित्र कहानियों के माहौल और भाव को मजबूत करते हैं। चित्र केवल कहानी समझाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अपने स्तर पर भी अर्थ बनाते हैं। लेखक नवनीत नीरव लंबे समय से बच्चों, बाल-साहित्य, पुस्तकालय और प्राथमिक शिक्षा से जुड़े रहे हैं। बच्चों के साथ उनके काम का अनुभव कहानियों की भाषा और पात्रों में दिखाई देता है। स्क्रीन के दौर में प्रकृति से जुड़ने का अवसर- आज बच्चों की दुनिया में स्क्रीन और आभासी अनुभव बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में 'छरबिंदा' बच्चों को प्रकृति, परिवार, लोक-स्मृति और पशु-पक्षियों से जुड़ने का अवसर देता है। 'बताशे का पेड़' जैसी कहानी बच्चों की कल्पना की उस दुनिया में ले जाती है, जहां कुछ समय के लिए असंभव भी संभव लगता है। संग्रह की खासियत यह है कि कहानियां बच्चों को सीधे उपदेश नहीं देतीं। वे उन्हें सवाल करने, चीजों को महसूस करने और अपनी कल्पना से अर्थ बनाने की आजादी देती हैं। इस लिहाज से 'छरबिंदा' सिर्फ बाल कहानियों की किताब नहीं, बल्कि बाल-मन और जीवित दुनिया के प्रति आत्मीयता का साहित्यिक अनुभव है।

### संभागीय फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी ग्वालियर मुख्यालय अटैच

# दोषी कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा

**» नकली शराब से दस मौतों पर सरकार सख्त तीन आबकारी अधिकारी निलंबित**

**पीपुल्स प्रवक्ता ,भोपाल**



सागर जिले के बंडा तहसील क्षेत्र के ग्राम गोगरा खुर्द, नौरोज और पाटन में शराब पीने से दस लोगों की मृत्यु के मामले में राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। उपमुख्यमंत्री एवं वाणिज्यिक कर मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने आबकारी अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर उपायुक्त एवं संभागीय फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी नीरजा श्रीवास्तव को ग्वालियर मुख्यालय अटैच किया गया है एवं सहायक आयुक्त आबकारी सागर कीर्ति दुबे, सहायक जिला आबकारी अधिकारी सागर दिलीप खंडाते और आबकारी उप निरीक्षक वृत्त बंडा प्रोशनी उरेती को निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'इस हादसे के पीछे जो भी व्यक्ति जिम्मेदार होगा, उसे किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सरकार इस पूरे प्रकरण में सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

उन्होंने कहा कि अवैध अथवा नकली शराब के निर्माण और बिक्री से जुड़े किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही विभागीय स्तर पर यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी जवाबदेही तय की जाएगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन और पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। शराब के स्रोत, उसकी आपूर्ति तथा घटना से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।